सार-समाचार

मुक्तिधाम में साफ-सफाई की

कोटा, (निसं)। श्रीआरकेपुरम मोक्षधाम सेवा समिति अध्यक्ष अशोक यादव की अगवाई रविवार सुबह आरकेपुरम मुक्तिधाम में राजस्थान रेडक्रॉस सोसाइटी के चैयरमेन राजेश कृष्ण बिरला की गरिमामय उपस्थिति समिति द्वारा पूरे परिसर की साफ-सफाई की गई तथा उसके बाद भीषण गर्मी को देखते हुए बेजुबान पक्षियों के लिए परिण्डे बांधे गये। यह जानकारी समिति मीडिया प्रभारी व प्रवक्ता पी.पी.गुप्ता ने दी। गुप्ता ने बताया कि परिण्डों में नियमित पानी भरने की जिम्मेदारी मुक्तिधाम में निवासरत चौकीदार की दी गई। इस अवसर पर राजेश कृष्ण बिरला ने कहा कि बेजुबान पक्षियों को पर्यावरण परिवर्तन के कारण गर्मी के मौसम में दाना-पानी की परेशानी ना रहे, इसके लिए संस्था की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा की। उन्होंने जनता से भी गर्मी के इस मौसम में पशु-पक्षियों के लिए दाने-पानी की व्यवस्था करने की अपील की। समिति अध्यक्ष अशोक यादव ने बताया कि मुक्तिधाम में समय-समय पर परिसर की साफ-सफाई व पानी की व्यवस्था के लिए चौकीदार को पाबन्द किया गया ताकि यहां शवदाह संस्कार में आने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। कार्यक्रम के अवसर पर स्थानीय पार्षद सुमित्रा खिंची, समिति अध्यक्ष अशोक कुमार यादव, महामंत्री विष्णुनारायण शर्मा, प्रवक्ता पी.पी.गुप्ता, गिरिराज गौतम, जे.पी.शर्मा, सीताराम शर्मा, भुवनेश खिंची, देवेन्द्र शर्मा, रामस्वरूप विजय, नरेन्द्र गुप्ता, नितीन पालीवाल, भानूप्रताप आर्य आदि लोग उपस्थित रहे।

आक्रोश रैली निकाली

कोटा, (निसं)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में बीते दिनों हुए कायराना आतंकवादी हमले में शहीद हुए सभी भारतीय नागरिकों के सम्मान में कोटा में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और संयुक्त चिकित्सा महासभा द्वारा संयुक्त रूप से आक्रोश रैली एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। डॉ. अमित व्यास ने बताया की आक्रोश रैली मैत्री हॉस्पिटल के सामने से रवाना होकर शीला चौधरी रोड़ होते हुए तलवंडी सर्किल से वापस मैत्री हॉस्पिटल फ्लाईओवर के नीचे समाप्त हुई, उसके बाद मारे गए सभी भारतीय नागरिकों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा, उसके उपरांत श्रद्धांजलि सभा को आईएमए के अध्यक्ष डॉ.के.श्रृंगी तथा संयुक्त चिकित्सा महासभा के डॉ.अमित व्यास ने संबोधित किया। श्रद्धांजलि सभा के उपरांत वक्ताओं ने भारत सरकार से मांग की कि आतंकवाद का जल्द से जल्द सफाया किया जाए और पड़ोसी देश पाकिस्तान के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएं जिससे कि जो आतंकवादी पाकिस्तान से आकर हमारे देश के माहौल खराब कर रहे हैं उन पर लगाम लगाई जा सके। रैली में डॉ.अमित व्यास, डॉ.के.श्रंगी डॉ. मनीष बोरा, डॉ. कमलेश अग्रवाल, डॉ. कुलदीप राणा, डॉ. पूनम व्यास, डॉ. कृष्णा दुबे, डॉ. राजमल मीणा, डॉ. जीके सिंघवी, डॉ. मामराज अग्रवाल, डॉ. दर्शन गौतम, डॉ. रवि, डॉ.अमित देव, डॉ.गोपाल सिंह भाटी, डॉ.अशोक जैन, डॉ.अनुराग मेडटवाल, डीआर रक्षा शर्मा सहित बड़ी संख्या में डॉक्टर ने भाग लिया।

घर से भागे नाबालिक को सुपुर्द किया

कोटा, (निसं)। मंडल में कार्यरत रेलकर्मी कई बार अपनी ड्यूटी निभाने के साथ जनसरोकार के जुड़े सराहनीय कार्य करते है। जिसकी आमजन द्वारा सराहना से सामाजिक कार्य के प्रति मनोबल मिलता है। इसी कड़ी में शनिवार को गाड़ी संख्या 09448 पटना-अहमदाबाद स्पेशल में कार्यरत कोटा के ऑनड्यूटी चैकिंग स्टॉफ टीटीई मनोज कुमार ने नाबालिक लड़का-लड़की को स्लीपर कोच संधिग्ध रूप से यात्रा करते पाया। लड़के के पास जुर्माने से बना टिकट था जबकि नाबालिक लड़की बिना टिकट के यात्रा कर रही थी। पूछताछ करने पर पता चला ये दोनों नाबालिक लड़का-लड़की घरवालों को बिना बताये घर से भागकर अहमदाबाद जा रहे थे। जानकारी में लड़की की घर से भागने की रिपोर्ट पिता द्वारा संबंधित थाने में दर्ज होना पाया गया। टीटीई मनोज कुमार ने मामलें की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए बिहार के दोनों नाबालिक लड़का-लड़की के साथ किसी प्रकार की अनहोनी घटना ना हो इसके लिए कोटा में दोनों को चाईल्ड हेल्पलाईन के माध्यम से परिजन को सुपुर्दगी की अग्रिम कारवाई के लिए आरपीएफ को सुपुर्द किया।

जिंदा कारतूस सहित आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। कुन्हाड़ी पुलिस टीम ने मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए अवैध देशी कट्टा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। शहर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि शहर में अवैध हथियारों सहित आरोपियों की धरपकड़ के लिये विशेष अभियान चलाया जा रहा है। शहर एसपी ने बताया कि कुन्हाड़ी थाने के सहायक उपनिरीक्षक धनराज गुर्जर मय जाप्ता इलाके में गश्त कर रहे थे, गश्त के दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि केशोरायपाटन नहर रोड़ के समीप एक व्यक्ति अवैध हथियार लेकर खड़ा है। सूचना पर पुलिस जाप्ता मौके पर पहुंचा और मौके पर मुखबीर द्वारा बताये गये हुलिये के आधार पर खड़े व्यक्ति को डिटेन किया और उसकी तलाशी के दौरान उसके पास से अवैध देशी कट्टा 315 बोर मय जिंदा कारतूस बरामद किये। पुलिस टीम ने मौके पर आर्म्स एक्ट में कार्यवाही करते हुए बापू कॉलोनी बालिता रोड़ कुन्हाड़ी निवासी शेलेन्द्र सुमन (28) को गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान जारी हैं।

सड़क हादसे में युवक की मौत

कोटा, (निसं)। उद्योग नगर थाना इलाके में ट्रॉले की टक्कर से घायल हुए मोटरसाईकिल सवार युवक की एमबीएस अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसा शुक्रवार को रायपुरा पुलिया के समीप हुआ था। हादसा 25 अप्रैल शुक्रवार को उस समय हुआ जब धोबी मोहल्ला अनंतपुरा निवासी कपिल प्रजापति (31) मोटरसाईकिल से अपने गांव चारचौमा जाते समय रायपुरा पुलिया के समीप ट्रॉला चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन को चलाते हुए मोटरसाईकिल को टक्कर मार दी। उद्योग नगर थानाधिकारी जितेन्द्र सिंह ने बताया कि हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए कपिल को उपचार के लिये एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। थानाधिकारी ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौप दिया है। ट्रॉले को जप्त कर लिया गया है मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

शिव मंदिर से बर्तन चोरी

कोटा, (निसं)। रामपुरा कोतवाली इलाके के सैटेलाईट अस्पताल के समीप बने शिव मंदिर में चोरी का मामला सामने आया है। मामले में सामने आया कि शनिवार रात्रि को इलाके में विद्युत सप्लाई जाने के बाद अंधेरे में कोई अज्ञात बदमाश शिव मंदिर में लोहे का गेट तोड़कर तांबे का लोटा सहित कई बर्तन चूरा कर ले गया। मामले का पता लगने पर मंदिर के पुजारी ने इसकी रिपोर्ट रामपुरा कोतवाली में दर्ज कराई। रामपुरा कोतवाली थानाधिकारी महेश करवाल ने बताया कि मंदिर के पुजारी ने रिपोर्ट दी है जिसमें कहा कि शनिवार रात्रि को इलाके में लाईट बंद होने के बाद कोई अज्ञात बदमाश मंदिर से तांबे का लोटा, आरती की थाल समेत अन्य बर्तन चोरी करके ले गया। थानाधिकारी ने बताया कि पुजारी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर अज्ञात बदमाश की तलाश की जा रही है।

कार दीवार से टकराई, चार घायल

कोटा, (निसं)। जिला बूंदी के केशोरायपाटन थाना इलाके में रविवार को एक कार अनियंत्रित होकर रेलवे की सुरक्षा दीवार से टकरा गई। हादसे में कार में सवार एक युवति समेत चार जने घायल हो गये। सभी को घायलावस्था में उपचार के लिये एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार मामले में सामने आया कि कार में सवार लोग कमलेश्वर महादेव मंदिर से दर्शन करके कोटा वापस आते समय अरनेठा के समीप कार अनियंत्रित होकर रेलवे की सुरक्षा दीवार से टकरा गई। कार हादसे में ममता (30) समेत पीयूष (15) डोली (16) एवं सोनू (18) घायल हो गये। सभी घायल डीसीएम इलाके के निवासी है। मामले में सामने आया कि कार कोटा नगर निगम उत्तर में ठेके पर लगी हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

आकाश में प्री-नीट का आयोजन

कोटा, (निसं)। आकाश एजुकेशनल सर्विसेस में नीट परीक्षा 2025 की तैयारी के अंतिम चरण में छात्रों के लिए प्री नीट का आयोजन किया गया। इस परीक्षा के माध्यम से शैक्षणिक ज्ञान के आंकलन के साथ वास्तविक परीक्षा के माहौल, समय प्रबंधन, और प्रश्नों को रणनीति के साथ हल करने का अभ्यास मिला। पिछले दो माह से नियमित चल रही फाईनल टेस्ट सीरीज, व प्री-नीट परीक्षा के परिणामस्वरूप विद्यार्थियों के आत्मविश्वास में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, जिससे नीट परीक्षा के लिए आवश्यक मानसिक शैक्षणिक, दोनों दृष्टियों से छात्र पूरी तरह तैयार हुए। प्री-नीट परीक्षा के उपरान्त सभी छात्रों को एनटीए गाईडलाईन के अनुसार टीशर्ट का वितरण किया गया।

डी.सी.एम. श्रीराम लिमिटेड में श्रीराम जयन्ती धूमधाम से मनायी

कोटा, (निसं)। डीसीएम श्रीराम लिमिटेड के श्रीराम कला मंदिर परिसर में डीसीएम के संस्थापक लाला श्रीराम की 141वीं जयंती धूमधाम से आयोजित की गयी। इस अवसर पर संस्थान के कर्मचारी एवं परिवारजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे। समारोह के मुख्य अतिथि डीसीएम श्रीराम लिमिटेड के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एण्ड रेजीडेन्ट हैड-वीनू मेहता ने 145 कर्मचारियों को दीर्घ सेवा पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किये। आरम्भ में डीसीएम श्रीराम लिमिटेड के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एण्ड रेजीडेन्ट हैड-वीनू मेहता ने लाला श्रीराम की प्रतिमा को माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। सर्वप्रथम 35 वर्ष के 28, 30 वर्ष के 39, 25 वर्ष के 19, 20 वर्ष के 23, 15 वर्ष के 16 तथा 10 वर्ष के 20 कर्मचारियों को दीर्घ सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कर्मचारियों द्वारा पुष्पांजलि गीत एवं सास्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियाँ दी गयी, साथ ही कार्निवाल तथा मनोविनोद कॉर्नर आदि का भी उपस्थित कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों ने खुल कर आनंद लिया।

कोटा में लाला श्रीराम जयंती पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित की गई।

प्रांजल जैन, सुरेन्द्र गौड़, पूजा भारद्वाज, हीना पांचाल एवं साथियों ने पुष्पांजलि गीत एवं एस.एस.सी. टीम ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति दीं। इसके अतिरिक्त शैक्षणिक में दिव्या सिंह आमेरा, योगासन प्रतियोगिता में पवन चौरसिया, तैराकी में कुशाल सिंह हाड़ा व भव्या क्षत्री एवं ताइक्वान्डो में ईरा विश्वकर्मा को विशेष उपलब्धि प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त आशीष बंसल, भानू विजय, दीपक यादव, गुरूमुख सिंह कालरा, कंवरदीप सिंह, नितिन जैन, नितिन शर्मा, प्रवीण नागर, शरद गुप्ता एवं यतीन्द्र राठौर को अच्छे सुझावों हेतु सम्मानित किया गया।

समाज के लिए समर्पित सेवा सिंधी समाज की पहचान : ओम बिरला

कोटा, (निसं)। सिंधु सोशल सर्कल कोटा के सत्र 2025-26 का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह रविवार को सर्किल भवन पर देशभक्ति और देश की विकास को चित्रित करते कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ संपन्न हुआ। नए पदाधिकारियो को पद और निष्ठा की शपथ दिलाते हुए मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि समाज के लिए समर्पित सेवा भाव सिंधी समाज की पहचान है।

उन्होंने कहा की सिंधी समाज जहां कहीं रहा देश की प्रगति के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़कर सभ्यता और संस्कृति को विकसित करने का प्रयास करता रहा। मुख्य अतिथि लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रधानमंत्री कार्यालय में रहे भारतीय सूचना सेवा के पूर्व निदेशक और सर्किल के सचिव किशन रतनानी की पुस्तक सिंधी कहानी संग्रह तुलसी का विमोचन भी किया।

इस अवसर पर सिंधु महिला सर्कल की पूर्व संरक्षक और राष्ट्रीय लेखिका पुरस्कार से सम्मानित पूनम रतनानी भी उपस्थित थी। समारोह के दौरान पूनम रतनानी की परिकल्पना पर किशन रतनानी द्वारा लिखित एक लघु नाटिका 'मेरा भारत देश' की प्रस्तुति सिंधु महिला सर्कल की 13 प्रतिभागियों ने दी, जिसमें विगत 36 वर्षों में भारत ने विभिन्न क्षेत्रों में जो तरक्की की हैं, जो अभिनव प्रयास किए हैं उनका जिक्र और देश को प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी का नेतृत्व एवं लोकसभा अध्यक्ष के रूप में ओम बिरला का नेतृत्व मिलने का उल्लेख किया गया था।

प्रारंभ में दीप प्रज्वलन के बाद मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का सिंधु सोशल सर्कल के संरक्षक राजकुमार खूबचंदानी, अध्यक्ष विमल परयानी, सचिव किशन रतनानी ने स्वागत किया और स्मृति चिन्ह एवं अभिनंदन पत्र भेंट किया। विशिष्ट अतिथि राकेश जैन का स्वागत सर्कल के उपाध्यक्ष हरीश दयानी, सांस्कृतिक सचिव प्रेम संतवाणी और अध्यक्ष मीडिया प्रकाश वीर नाथानी ने किया। सिंधु महिला सर्कल की अध्यक्ष नीतू वनवानी, सचिव निर्मला आहूजा, सिंधु यूथ सर्कल के अध्यक्ष कमल खत्री ने सिंधु यूथ सर्कल के पूर्व संरक्षक दीपक राजानी के नेतृत्व में अतिथियों का स्वागत किया। अध्यक्ष विमल परियानी ने स्वागत भाषण देते हुए बताया कि सर्कल पांचवां सिंधी सामूहिक विवाह सम्मेलन 22 फरवरी 2026 को करने जा रहा है, इसके अलावा वर्षपर्यंत सामाजिक सेवा और सिंधी संस्कृति से जुड़े कार्यक्रम भी किए जाएंगे। संचालन प्रकाश वीर नाथानी ने किया। आभार संरक्षक राजकुमार खूबचंदानी ने प्रकट किया।

बकाया वेतन भुगतान की मांग, जेके श्रमिकों का अनिश्चित कालीन धरना जारी

कोटा, (निसं)। जहां शहर में एक तरफ भीषण गर्मी के तीखे तेवर जारी है वही 69 दिन से जिला कलेक्ट्री के बाहर धरना देकर बैठे मजदूर भीषण गर्मी के तेवर के बीच बकाया वेतन भुगतान के लिये संघर्ष कर रहे है।

मीडिया प्रभारी मुरारीलाल बैरवा ने कहा कि लम्बे समय से चल रहे जे.के.मजदूरों के संघर्ष ओर कानूनी लड़ाई को सही मानते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मजदूरों के पक्ष मे 2023 मे सरकार को आदेश जारी कर बकाया वेतन भुगतान कराने ओर फैक्ट्री को वापस चालू करने को कहा गया परन्तु अभी तक सुप्रीम कोर्ट के आदेश कि पालना नहीं हुई इसलिए मजबूर होकर जेके फैक्ट्री के मजदूरों का बकाया वेतन भुगतान करवाने ओर सुप्रीम कोर्ट के आदेश को लागू करने कि मांग को लेकर मजदूरों को धरना देना पड़ रहा है।

मजदूरों के धरने को 69 दिन हो चुके लेकिन सरकार कि तरफ से अभी तक कोई भी प्रशासनिक अधिकारी मजदूरों से वार्ता करने नहीं आया। मजदूर नेता हबीब खान नरेंद्रसिंह ने कहा 1 मई को अंतराष्ट्रीय मजदूर दिवस है जिसे मई दिवस के नाम से जाता है इस दिन 1886 मे अमेरिका के शिकागो

बकाया वेतन को लेकर मजदूरों का धरना जारी रहा।

शहर मे मजदूरों ने पूंजीवादी शोषण ओर काम के घंटे निर्धारित किये जाने, यूनियन बनाने के अधिकार ओर तमाम मजदूर अधिकारों को लेकर ऐतिहासिक हड़ताल की थी।

उन्होंने कहा कि जेके मजदूर 27 साल पहले का बकाया वेतन भुगतान सरकार से कराने की मांग को लेकर 69 दिन से जिला कलेक्टर कोटा के सामने धरने पर बैठे हुए, मजदूर अधिकारों ओर श्रम कानूनों के इस दौर मे मजदूरों की कुर्बानियों से हासिल इन अधिकारों को बचाने लिए मजदूरों के एकताबंद्ध संघर्ष ही एकमात्र रास्ता हैं। धरने को सम्बोधित करते हुए महिला नेता पुष्पा खींची, कालीचरण सोनी,अली मोहम्मद, ने धरने पर उपस्थित महिला मजदूरों ओर सीटू कार्यकर्ताओ ओर जेके मजदूरो से 1 मई को ज्यादा से ज्यादा संख्या मे धरना पर आने और मजदूर दिवस को धूमधाम से एकजुटता से बनाने की अपील की गई। धरने का संचालन कामरेड अशोकसिंह ने किया।

69वें दिन धरने मे मदन मोहन शर्मा, भूपेंद्र सिंह, मोहम्मद हुसैन, रमेशचंद गोचर, रमाकांत तिवारी, ओमप्रकाश पाल, गिरजाशंकर पांडे, हनुमान सिंह, महिला मजदूर जाहिदा बानो, बानोबी, सहित दर्जनों महिलायें ओर जेके मजदूर मौजूद रहे।

सार-समाचार

मासूम को एसडीपी उपलब्ध कराई

कोटा, (निसं)। एक मासूम को निरंतर एसडीपी की आवश्यकता हो रही है और कोटावासी खुले दिन से उसकी मदद कर रहे हैं। टीम जीवनदाता के अथक और सराहनीय प्रयास से तीन वर्षीय त्रिलोक को 8वीं बार बी- नेगेटिव टीम जीवनदाता के प्रयासों से उपलब्ध कराई गई। टीम जीवनदाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि परिजनों की आस टीम जीवनदाता से थी, उनकी इस उम्मीद को कायम रखा गया और निरंतर प्रयास कर एसडीपी उपलब्ध कराई जा रही है। बी-नेगेटिव की लगातार एसडीपी की डिमांड से कुछ परेशानी तो हो रही है, लेकिन लगातार एक के बाद एक प्रयास करने पर आखिर सफलता मिल जाती है। भुवनेश गुप्ता ने बताया कि इस बार त्रिलोक को बंसल पब्लिक स्कूल के शिक्षक अमित अग्रवाल ने एसडीपी उपलब्ध काराई। उन्होंने इससे पूर्व कभी एसडीपी नहीं दी थी, लेकिन जब उन्हें मासूम के दिल का दर्द बताया गया, इससे पूर्व अमित अग्रवाल के मन में भी एसडीपी को लेकर कई भ्रांतियां थी पहले उन्हें दूर किया और उसके बाद जब उन्होंने एक मासूम के जीवन को बचाने के लिए एसडीपी डोनेट की तो उनके मन का भारी बोझ भी उतरा और उन्होंने राहत की सांस भी ली। अमित अग्रवाल बंसल स्कूल में टीचर हैं, उन्होंने कहा कि उनके मन में जो गलत विचार एसडीपी को लेकर थे वह अब दूर हो गए हैं, वह अब आगे निरंतर एसडीपी करेंगे। अमित का कहना था कि आपके कुछ समय के निवेश से किसी को नवजीवन मिल रहा है तो पीछे नहीं रहना चाहिए।

रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर से मारपीट, पुलिस जांच में जुटी

कोटा, (निसं)। बोरखेडा थाना इलाके में एक सेवानिवृत सब इंस्पेक्टर के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। सेवानिवृत सब इंस्पेक्टर ने इसकी शिकायत बोरखेड़ा थाने में दर्ज कराई है। बोरखेड़ा थानाधिकारी देवेश भारद्वाज ने बताया कि रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर मुन्ना अली ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में कहा कि वह नमाज पढ़कर मस्जिद से बाहर निकले उसी समय अखलाक व अन्य ने मारपीट की। थानाधिकारी ने बताया कि मामले में सामने आया कि कुछ दिन पहले बोरखेड़ा स्थित अमृता नगर मस्जिद में सदर चुनाव को लेकर कमेटी की मिटिंग हुई थी। मारपीट के पीछे सदर चुनाव को लेकर विवाद सामने आ रहा है। रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

वीसी में जिले की कानून व्यवस्था को लेकर निर्देश दिए

झालावाड़ (निसं)। जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ ने रविवार को वीसी के माध्यम से कानून व्यवस्था को हर हाल में कायम रखने हेतु जिले के समस्त उपखण्ड अधिकारियों, पुलिस उप अधीक्षकों, तहसीलदारों एवं थानाधिकारियों सहित पुलिस एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं से जुड़े अधिकारियों को प्रत्येक छोटी-बड़ी घटना पर नजर रखने और सोशल मीडिया की पुख्ता मॉनीटरिंग के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने कहा कि वैसे तो झालावाड़ एक शान्तिप्रिय जिला है, लेकिन पहलगाम में हुए आतंकी हमले को ध्यान में रखते हुए पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी आपसी समन्वय से मुस्तैदी के साथ कार्य करें और आदतन अपराधियों एवं अपराधिक गतिविधियों में लिप्त लोगों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही सीएलजी के सदस्यों की भूमिका को भी और अधिक प्रभावी बनाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि किसी भी घटना को छोटी या सामान्य नहीं समझें प्रत्येक घटना को गंभीरता से लेते हुए सख्ती से कार्यवाही सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि जिले में साम्प्रदायिक शान्ति और सौहार्द का माहौल कायम रहे यह हम सभी की जिम्मेदारी है। जिला कलक्टर ने थानाधिकारियों से कहा कि अपराधियों के संबंध में उनकी सम्पत्ति एवं अन्य मामलों की पूर्ण जानकारी अपने पास रखें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन क्षेत्रों में फायर ब्रिगेड उपलब्ध नहीं है वहां आस-पास के फायर ब्रिगेड के वाहन चालक का नाम व मोबाइल नम्बर हमेशा अपने पास रखें ताकि आवश्यकता होने पर तत्काल बुलाया जा सके। उन्होंने फायर ब्रिगेड पर तैनात कार्मिकों को 24 घन्टे मुस्तैदी के साथ तैयार रखने के निर्देश भी दिए।

जिला कलेक्टर ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ की गई कार्यवाही को प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया के माध्यम से लोगों तक पहुंचाएं ताकि आमजन को भी अपराधिक गतिविधियों में लिप्त लोगों के बारे में पता रहे।

वार्षिकोत्सव का समापन

कोटा, (निसं)। महावीर नगर तृतीय स्थित स्वामी विवेकानंद उच्च माध्यमिक विद्यालय का वार्षिक उत्सव संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि राजेशकृष्ण बिरला (अध्यक्ष, कोटा नागरिक सहकारी बैंक लि.) ने अपने उड़ान में बताया कि पहली बार ऐसा विद्यालय देखा है जिसमें आधुनिक शिक्षा के साथ संस्कार भी दिए जाते हैं कोटा शहर के मध्य में स्थित स्वामी विवेकानंद स्कूल के बालकों ने बहुत अच्छी प्रस्तुति दी जिन्होंने मेरा मन मोह लिया। सभी छात्र-छात्राओं से आग्रह किया कि बड़े होकर अपने समाज, देश और माता-पिता का नाम रोशन करें। बिरला ने विद्यालय में तकनीकी स्तर पर सबल बनने हेतु स्मार्ट बोर्ड पैनल लगाने के लिये सवा लाख रुपए की घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ.आशुतोष शर्मा (अधीक्षक नवीन चिकित्सालय मेडिकल कॉलेज परिसर कोटा) ने छात्र-छात्राओं को अध्यक्ष से आशीर्वचन प्रदान किया।

नाम परिवर्तन

शादी से पूर्व मेरे दस्तावेजों में मेरा नाम सलोनी स्वामी आलेखित है शादी के पश्चात् सलोनी शर्मा (Saloni Sharma) रख लिया है सलोनी स्वामी एवं सलोनी शर्मा दोनों मेरे ही नाम हैं अब भविष्य में मुझे सलोनी शर्मा (Saloni Sharma) के नाम से जाना जायें ई3-102 महालक्ष्मीपुरम्, बारां रोड़, कोटा

मोशन के वॉक ओ रन में हजारों बच्चे और पैरंट्स शामिल हुए

कोटा, (निसं)। शहर के इंदप्रस्थ औद्योगिक क्षेत्र स्थित कोचिंग एरिया में रविवार सुबह का नजारा कुछ खास था। डकनिया रेलवे स्टेशन के पास स्थित मोशन एजुकेशन के द्रोण-2 कैंपस से अलसुबह दौड़ते बच्चों का उत्साह देखने लायक था। यह मौका था मोशन एजुकेशन द्वारा आयोजित 'रन द माइल, वॉक विद स्टाइल-वॉक ओ रन' इवेंट का। इसमें हजारों बच्चों और उनके साथ आए भी दौड़ लगाई।

हेल्थ एंड हैप्पीनेस से जुड़ा यह आयोजन मोशन एजुकेशन के फाउंडेशन डिवीजन की ओर से किया गया था। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और फिटनेस को जीवनशैली का हिस्सा बनाना था। फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत एनर्जेटिक जुंबा सेशन और डीजे कंसर्ट से हुई, जिसमें बच्चे ही नहीं, बड़े भी झूमते नजर आए। जैसे ही सूरज की पहली किरणें फैलीं, बच्चों ने डीजे की धुनों पर पूरी एनर्जी के साथ दौड़ की शुरुआत की। माहौल पूरी तरह जोश से भरा हुआ था। कई स्थानों पर म्यूजिक के माध्यम से बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। कुछ स्थानों पर देशभक्ति गीतों से समां बांध दिया।

कोटा में मोशन एजुकेशन द्वारा रन द माइल, वॉक विद स्टाइल-वॉक ओ रन इवेंट आयोजित किया गया।

मोशन की डायरेक्टर डॉ.स्वाति विजय ने बताया कि वॉक ओ रन तीन कैटेगरी में हुई। इसमें 1.5 किलोमीटर की मैराथन में सात से 9 साल, तीन किलोमीटर में 10 से 12 साल और 5 किलोमीटर की मैराथन में 13 से 15 साल के बच्चों ने भाग लिया। इस दौरान सभी प्रतिभागियों के लिए टी-शर्ट, बैगपैक उपहार और जलपान की व्यवस्था की गई थी। इसमें भाग लेने वाले सभी बच्चों को ई-प्रमाणपत्र दिए गए है। इस दौरान मोशन एजुकेशन के चेयरमैन सुरेंद्र विजय, डायरेक्टर सुशीला विजय और फाउंडेशन डिवीजन के एकेडमिक हेड मुकेश गौड़ भी मौजूद थे।

वॉक-ओ-रन की शुरुआत डकनिया रेलवे स्टेशन के पास स्थित मोशन एजुकेशन के द्रोणा-2 कैम्पस से हुई। आगाज मोशन एजुकेशन के संस्थापक और सीईओ नितिन विजय ने हरी झंडी दिखाकर किया। दौड़ के अंत में पहले आयुवर्ग में मितांश जैन, वंश परालिया, विराट सिंह और तनिश, दूसरे में केशव मालव, दीक्षा और मृणाल और तीसरे आयुवर्ग के सबसे बड़े बच्चों में हितिक सिंह, जीवेश सिंह और अनुक्रान्त सिंह क्रमश विजेता रहे। इनको पुरस्कार और स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। अन्य विजेताओं को भी मैडल दिए गए। कार्यक्रम के प्रमोशनल पार्टनर कोटा हार्ट ग्रुप के डॉ. विपुल खंडेलवाल ने कहा कि सुबह जल्दी उठना न केवल शरीर को फिट रखता है बल्कि आंतरिक ऊर्जा को भी बढ़ाता है। हर किसी को अपने परिवार के साथ सुबह उठकर स्वास्थ्य से जुड़ी गतिविधियों में भाग लेना चाहिए।

कार्यालय नगर पालिका रावतभाटा, जिला-चित्तौड़गढ़

क्रमांक : नपारा/भूमि/2025-26/217 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 22.04.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/भूखण्डधारी (नामान्तरिती) श्री सतनामसिंह व श्री इकबालसिंह पिता स्व. श्री इन्दरसिंह निवासी रावतभाटा के द्वारा गैर योजना क्षेत्र नया बाजार, पूर्व वार्ड नं. 24, रावतभाटा के नियमनशुदा निर्मित भूखण्ड संख्या 162 **जिसका आवासीय निर्मित क्षेत्रफल 1210.75 वर्गफीट अर्थात् 134.53 वर्गगज तथा व्यावसायिक निर्मित क्षेत्रफल 522 वर्गफीट अर्थात् 58 वर्गगज इस प्रकार कुल क्षेत्रफल 192.53 वर्गगज है,** जिसका नामान्तरण नगर पालिका कार्यालय में आवेदकों के नाम पर ऑनलाईन स्वीकृति पत्रांक 92280 दिनांक 28.08.2024 के द्वारा दर्ज किया गया है।

उपरोक्त नियमनशुदा भूखण्ड का नामान्तरितियों द्वारा पंजीकृत विभाजन डीड दिनांक 04.03.2025 के अनुसार उक्त भूखण्ड को तीन भागों में निम्नानुसार विभाजित कर उपविभाजन प्लान का अनुमोदन इस कार्यालय से चाहा गया है :-

विभाजित भाग	उपविभाजित भूखण्ड क्रमांक	स्वामित्व / हिस्सेदार	क्षेत्रफल	चतुर्थ पड़ौस की स्थिति
प्रथम	162 (पार्ट-1)	श्री सतनामसिंह पिता स्व. श्री इन्दरसिंह निवासी रावतभाटा	आवासीय-567.941 Sqft. व्यावसायिक-252 Sqft.	**पूर्व में :** आम रास्ता 31.8 फीट चौड़ा (पट्टानुसार), **पश्चिम में :** पार्ट-सी (संयुक्त भाग) एवं इसके बाद बादाम बाई का मकान (पट्टानुसार), **उत्तर में :** पार्ट-2 इकबालसिंह का हिस्सा, **दक्षिण में :** आम रास्ता 26.5 फीट चौड़ा (पट्टानुसार)
द्वितीय	162 (पार्ट-2)	श्री इकबालसिंह पिता स्व. श्री इन्दरसिंह निवासी रावतभाटा	आवासीय-476.392 Sqft. व्यावसायिक-270 Sqft.	**पूर्व में :** आम रास्ता 31.8 फीट चौड़ा (पट्टानुसार), **पश्चिम में :** पार्ट-सी (संयुक्त भाग) एवं इसके बाद बादाम बाई का मकान (पट्टानुसार), **उत्तर में :** खाली भूमि नगर पालिका भूमि (पट्टानुसार) वर्तमान स्थिति श्री गोपाल टाईल्स निर्मित दुकान व भवन, **दक्षिण में :** पार्ट-1 श्री सतनामसिंह का हिस्सा
तृतीय	162 (पार्ट-3)	संयुक्त हिस्सेदार (श्री सतनाम सिंह व श्री इकाबलसिंह)	आवासीय-166.417 वर्गफीट	**पूर्व में :** पार्ट-1 व पार्ट- 2 का हिस्सा, **पश्चिम में :** बादाम बाई का मकान (पट्टानुसार), **उत्तर में :** खाली भूमि नगर पालिका भूमि (पट्टानुसार) वर्तमान स्थिति श्री गोपाल टाईल्स निर्मित दुकान व भवन, **दक्षिण में :** आम रास्ता 26.5 फीट चौड़ा (प्लानानुसार)

अत: उक्त भूखण्ड का उपविभाजन प्रस्तुत उपविभाजन प्लान एवं उपरोक्त विवरण अनुसार अनुमोदित किये जाने में किसी भी व्यक्ति / विभाग / संस्था / बैंक इत्यादि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस प्रकाशन से 07 (सात) दिवस के भीतर-भीतर अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार